# कुशल युवा तैयार करने हैं तो उद्योगों को शिक्षण संस्थानों से जोड़ें : योगी

## मुख्यमंत्री ने कारोबारियों को दिया कुशल श्रम का संकट दूर करने का फॉर्मूला



लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी, मंत्री नंद गोपाल नंदी, सुरेश खन्ना, जसवंत सिंह सैनी, अजीत सिंह पाल व अन्य। -अमर उजाला

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। कुशल श्रम का संकट दूर करने का फॉर्मूला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कारोबारियों को दिया। उन्होंने कहा कि तकनीकी संस्थानों में पढ़ रहे युवाओं को अपनी औद्योगिक इकाइयों में प्रशिक्षित करें। इसमें सरकार भी आर्थिक मदद देगी। इस पहल से दक्ष युवाओं का संकट दूर होगा और रोजगार में बढ़ोतरी होगी।

लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में उद्योगपतियों से मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2027 तक यूपी को दस खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना है। उन्होंने कहा कि उद्यम कोई भी हो, यहां के शिक्षण संस्थानों के युवाओं को इंटर्नशिप के लिए जोड़ें, उनका आधा मानदेय सरकार देगी।

साथ ही इंडस्ट्री को कुशल युवा मिलेंगे। संस्थान और इंडस्ट्री साथ में जुड़ते हैं तो दोनों को सीधा लाभ होता है। एक साल या छह महीने बाद उन्हें सर्टिफिकेट मिलेगा तो वही युवा आपका ब्रांड एंबेसेडर होगा।

### निवेशक 10 कदम चलेंगे तो सरकार 100 कदम

योगी ने कहा कि नोएडा के बाद 36000 एकड़ जमीन पर बीडा (बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण) बन रहा है। नोएडा को 46 साल बाद एयरपोर्ट मिला। बीडा को पहले ही एयरपोर्ट और फोर लेन सड़क की सौगात मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि सात साल पहले यूपी बिजली के लिए तरसता था। सरकारें केवल खास जगह बिजली-सड़क देती थीं। गोरखपुर को पांच घंटे बिजली मिलती थी। आज सभी 75 जिलों में बिजली है। योगी ने कहा कि हर तीसरे महीने राज्य स्तर पर उद्योग बंधु की बैठक का सिलसिला शुरू होगा। कार्यक्रम में वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स राज्यमंत्री अजीत पाल, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास अनिल सागर सहित दिग्गज उद्योगपति थे।

### इन्हें दी गई प्रोत्साहन राशि

ओमेक्स ऑटोज, अम्बुजा सीमेंट, जिंदल सॉल्यूशन, विशाखा इंडस्ट्रीज, स्पर्श इंडस्ट्रीज प्रा. लि., सुयश पेपर मिल, मंगलम सीमेंट लि., पार्ले एग्रो प्रा. लि., वृंदावन एग्रो इंडस प्रा. लि., सीपी मिल्क प्रोडक्ट्स प्रा. लि., आरएलजे कॉनकास्ट प्रा. लि., बिरला कॉरपोरेशन लि., अल्फा मिल्क फूड प्रोडक्ट्स प्रा. लि., महान मिल्क फूड प्रोडक्ट्स लि., वरुण बेवरेजेज लि., ईकोप्लस स्टील्स प्रा. लि., सैमसंग नोएडा, वरुण बेवरेजेज- हरदोई, श्री सीमेंट-बुलंदशहर, गैलेंट इस्पात लि.-गोरखपुर, आरसीसीपीएल- रायबरेली, पसवारा पेपर्स, स्पर्श इंडस्ट्रियल प्रा. लि.-कानपुर देहात, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स-नोएडा, श्री गंग इंटस्ट्रीज एंड एलायड प्रोडक्ट्स, जेके सीमेंट, सैमक्वांग इंडिया इलेक्ट्रॉनिक प्रा. लि., लावा इंटरनेशनल लि., केएच. वाटेक इंडिया प्रा. लि., सैमसंग डिस्प्ले नोएडा प्रा. लि., एचसीएल आईटी सिटी, लखनऊ प्रा. लि.।

### लेटर ऑफ कंफर्ट पाने वाले प्रतिष्ठान

श्री सीमेंट नॉर्थ प्रा. लि., बालाजी वेफर्स प्रा. लि., बनासकांठा डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव मिल्क प्रोड्यूसर्स लि., आरएसीएल गेयरटेक लि., आईटीसी लि., एबी मौरी इंडिया प्रा. लि., सीपी मिल्क एंड फूड प्रोडक्ट्स, एशियन पेंट्स लि., अशोक लीलैंड और कजारिया सेरेमिक्स लि., क्रीमी फूड्स लिमिटेड

## सैमसंग बना इंडस्ट्री के लिए नजीर

लखनऊ। 1300 करोड़ से ज्यादा की प्रोत्साहन राशि वितरण कार्यक्रम को देश का पहला आयोजन करार देते हुए मुख्य सचिव और अवस्थापना व औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने कहा कि सरकार के निर्देशों को पढ़ने की जरूरत है, ताकि जटिलताएं और भ्रम दूर हो सकें। लोग निर्णय लेने से डरते हैं क्योंकि पढ़ते नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग की टैगलाइन है- अगर यूपी नहीं देखा तो कुछ नहीं देखा। सैमसंग को दी जाने वाली सब्सिडी से संबंधित बरसों पुराने मामले का समाधान होने के बाद इंडस्ट्री के लिए भी टैगलाइन बनेगी कि सैमसंग को सॉल्व कर सकते हैं तो सबकुछ कर सकते हैं।

**मंत्री नंदी बोले, सरकार की नीतियों ने यूपी को निवेश का संगम बनाया**

औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने कहा कि सरकार की नीतियों ने यूपी को निवेश का संगम बनाया है। हमने कथनी और करनी को एक किया है। वादा पूरा किया। पहले माफिया हावी थे। आज प्रदेश की अर्थव्यवस्था से माफिया राज का खात्मा हो चुका है। कानून व्यवस्था को चुनौती देने वालों में भय का माहौल है। नए उद्योगों की स्थापना के लिए बुनियादी ढांचे पर खास फोकस किया गया है।

- वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि नोएडा 13 हजार हेक्टेयर में बना। बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण 14 हजार हेक्टेयर में बन रहा है। उन्होंने कहा कि सीएम अपने शब्दों और वचन के पक्के हैं। बताया कि यूपी का राज्य सकल घरेलू उत्पाद वर्ष 2017 में 12 लाख करोड़ का था। इस बार 25 लाख करोड़ हो गया। केंद्र सरकार ने हमारा राज्य सकल घरेलू उत्पाद 27 लाख करोड़ आंका है। हमारी ग्रोथ 22 फीसदी की है। हमारा ग्राफ हर क्षेत्र में ऊपर की तरफ है। शायराना अंदाज में उन्होंने कहा कि कुछ लोग थे जो वक्त में सांचे में ढल गए और कुछ लोग हैं जो वक्त के सांचे को बदल रहे। ब्यूरो

# ई कॉमर्स से यूपी में नए युग का सूत्रपात : सीएम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म को नए युग की शुरुआत करने वाला कदम बताया। शुक्रवार को लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने फ्लिपकार्ट के उन्नाव व वाराणसी स्थित वेयरहाउस का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन कर ओडीओपी विक्रेताओं के अनुभव साझा करने के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि हमने डिजाइन, तकनीक, मार्केट समेत विभिन्न पहलुओं पर काम करके पैकेजिंग और एक्सपोर्ट पर फोकस किया, लेकिन इसको और गति देने का कार्य तब हुआ जब फ्लिपकार्ट ग्रुप जुड़ा।

### योगी ने फ्लिपकार्ट के उन्नाव व वाराणसी के वेयरहाउस का किया वर्चुअल उद्घाटन

उन्होंने कहा कि यह स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दे रहा है। शहर व गांव के हर नागरिक को इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से दुनिया के किसी भी मार्केट तक अपने उत्पाद को पहुंचाने का रास्ता मिला है। जो पहले असंभव लगता था। योगी ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए तीन मेगा ग्रुप के साथ करार किए थे।

लखनऊ में राधिका ने सेल्फ इंप्लॉयड वुमन एसोसिएशन के माध्यम से चिकन कुर्ता व चिकन साड़ी को कारोबार को बढ़ाया। शिवानी वर्मा ने हैंडमेड ज्वेलरी व होम डेकोर सेक्टर में ई कॉमर्स प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया है। इसमें फ्लिपकार्ट का बड़ा योगदान है। कार्यक्रम में औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी, एमएसएमई मंत्री राकेश सचान व फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉर्पोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार आदि थे। ब्यूरो